# हिंदी

## कक्षा V

केरल सरकार

शिक्षा विभाग

2016

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्
केरल, तिरुवनंतपुरम

KT 137-1/Hindi-5

# राष्ट्रगीत

जनगण-मन अधिनायक जय हे,
भारत-भाग्य-विधाता।
पंजाब-सिंध-गुजरात-मराठा,
द्राविड़-उत्कल-बंगा
विंध्य-हिमाचल-यमुना-गंगा,
उच्छल जलधि तरंगा,
तव शुभ नामे जागे,
तव शुभ आशिष मागे,
गाहे तव जय-गाथा
जनगण-मंगलदायक जय हे,
भारत-भाग्य-विधाता।
जय हे, जय हे, जय हे
जय जय जय, जय हे।

---

# प्रतिज्ञा

भारत हमारा देश है। हम सब भारतवासी भाई-बहन हैं। हमें अपना देश प्राणों से भी प्यारा है। इसकी समृद्धि और विविध संस्कृति पर हमें गर्व है।

हम इसके सुयोग्य अधिकारी बनने का प्रयत्न सदा करते रहेंगे। हम अपने माता-पिता, शिक्षकों और गुरुजनों का आदर करेंगे और सबके साथ शिष्टता का व्यवहार करेंगे।

हम अपने देश और देशवासियों के प्रति वफ़ादार रहने की प्रतिज्ञा करते हैं। उनके कल्याण और समृद्धि में ही हमारा सुख निहित है।

---

***Prepared by*** :

**State Council of Educational Research and Training (SCERT)**
Poojappura, Thiruvananthapuram 695012, Kerala

*Website* : www.scertkerala.gov.in
*e-mail* : scertkerala@gmail.com
Phone : 0471 - 2341883, Fax : 0471 - 2341869
First Edition : 2014, Reprint : 2016
Printed at : KBPS, Kakkanad, Kochi-30
© Department of Education, Government of Kerala

# दो शब्द...

प्यारे बच्चो,

इस साल आप एक नई दुनिया में प्रवेश कर रहे हैं, हिंदी की। हिंदी भारत की राजभाषा है, और विश्व भर में उसकी प्रबल सत्ता है। हिंदी साहित्य सर्जना सर्वाधिक है, विशाल एवं गहरी है। पाँचवीं कक्षा की इस पुस्तक में आपके लिए छोटी-छोटी कविताएँ, कहानियाँ, चित्र कथाएँ आदि समाहित हैं जो सरस एवं सारपूर्ण हैं।

आशा है कि यह किताब आपके हिंदी अध्ययन को सुचारू बना देगी और हिंदी पठन-पाठन को प्रेरणा प्रदान करेगी।

शुभकामनाओं के साथ

**डॉ.पी.ए. फ़ातिमा**

निदेशक

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं

प्रशिक्षण परिषद्, केरल

# अध्यापकों के लिए

पाँचवीं कक्षा के बच्चे हिंदी भाषा से परिचय पा रहे हैं। उनके लिए यह पहला कदम है। बच्चों को हिंदी भाषा के प्रति रुचि प्रदान करना हमारा कर्तव्य है। इसके लिए बालगीत,चित्र-कथा,भाषाई खेल आदि का सहारा ले सकते हैं। इस उद्देश्य को ध्यान में रखकर कुछ गतिविधियाँ तैयार की गई हैं। वह है 'तलाश'। इसके लिए चार कालांश निर्धारित है। फिर हम पाठ्यपुस्तक की प्रक्रियाओं से गुज़रें।

किताब में प्रक्रियाओं के लिए संकेत चिह्न दिया गया है। उसके अनुसार ही कार्य चलाएँ। अधिगम उपलब्धियाँ हर इकाई के अंत में दी गई हैं, जिनसे आप पहले से परिचय पाएँ। निर्धारण कार्य भी करें। यदि छात्र अधिगम उपलब्धियाँ पाने में असमर्थ रहे तो उपचारात्मक गतिविधियाँ भी अपनाएँ। हर इकाई की शुरुआत चित्र से होती है। चित्रवाचन का अवसर दें। प्रश्नों के ज़रिए छात्रों को प्रतिक्रिया करने का अवसर भी दें। इकाइयों में अक्षर खेल दिया गया है। इसका सम्यक लाभ उठाएँ। 'शब्दार्थ' में शब्दों का प्रासंगिक अर्थ दिया गया है। कक्षा में आप हिंदी का माहौल बनाएँ। ऐ.सी.टी का भी यथासंभव उपयोग करें। आशा है कि आप इस पुस्तक का पूरा लाभ उठाएँगे और हिंदी भाषा के वाक्य विन्यास, वर्तनी, प्रयोग, सही उच्चारण आदि में पर्याप्त सहायता देंगे।

# पाठ्यपुस्तक रचना

## कक्षा पाँच
## हिंदी

# कार्यशाला के सदस्य

**अध्यक्ष**

डॉ.वी.पी मुहम्मद कुंज मेत्तर

**परामर्शदाता**

प्रोफसर एम.एस जयमोहन

**विशेषज्ञ**

डॉ.एच.परमेश्वरन

डॉ. के.जी. चंद्रबाबु

डॉ. बी. अशोक

डॉ. सजीव.के

**बिजोय.पी,** पालत्तायी यू.पी स्कूल, कण्णूर

**प्रमोद.ओ,** जी.एच.एस काप्पिसेट, वयनाड

**शिवप्रसाद.एम.आर,** जी.एच.एस उम्मिनी,पालक्काड

**श्रीकुमार.एस,** जी.यू.पी.एस.अयलूर, पालक्काड

**संतोषकुमार.के,** डयट, कोल्लम

**वीरान.के,** के.के.एम.एच.एस चीक्कोड, मलप्पुरम

**मोहनन.के,** बी.आर.सी तिरूर, मलप्पुरम

**दिनेशन पाचोल,** ए.यू.पी.एस पानूर, कण्णूर

**दीपा.वी.एस.नायर,** जी.एस.एन.डी.पी.यू.पी.एस.पट्टत्तानम

**चित्रकार**

सी.राजेंद्रन,ए.वी.जी.बी.एच.एस तषवा

एलियास.पी.वी,जी.एच.एस वेल्लमुंडा, वयनाड

**ले-आउट**

हरिदास.एम.ए

**अकादमिक समायोजिका**

डॉ.रेखा.आर.नायर

अनुसंधान अधिकारी,एस.सी.ई.आर.टी

SCERT KERALA

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, केरल

तिरुवनंतपुरम

KT 137-2/Hindi-5

# आगे के पन्नों में...


| | |
|---|---|
| **1. अनमोल प्यार** | **9-19** |
| प्यारी माँ | कविता |
| घर | विवरण |
| स्कूल के रास्ते में | वार्तालाप |
| पतंग के साथ | चित्र-कहानी |
| **2. चाँद के साथ** | **20-34** |
| क्या हुआ? | लघु घटना |
| अस्पताल में | वार्तालाप |
| आसमान गिरा | चित्र-कहानी |
| चाँद के साथ | कविता |
| **3. पीपल दादी की कथा** | **35-46** |
| पीपल दादी की कथा | कहानी |
| जन्मदिन | पोस्टर |
| दिलेरा | कविता |






## आगे के पन्नों में...


| | | |
|---|---|---|
| **4. गाँव की यादें** | | **47-57** |
| | दादाजी के साथ | वार्तालाप |
| | झूला | कविता |
| | यादें | डायरी |
| **5. सपना** | | **58-68** |
| | बापूजी का सपना | लेख |
| | कवि का सपना | कविता |
| | बूँद का सपना | कहानी |
| **6. बाँसुरी** | | **69-81** |
| | मनु और बाँसुरी | कहानी |
| | रोती क्यों? | वार्तालाप |
| | बाँसुरी की सोच | सोच |
| | बाँसुरी | कविता |
| **7. दोस्ती** | | **82-100** |
| | मिलते हैं इसमें सब | कविता |
| | एक पल ज़िंदगी का | कहानी |
| | चमकती आँखें | कहानी |




# तस्वीरें बताती हैं।


छात्र लिखें


छात्र पढ़ें


छात्र खोजें


छात्र अनुबद्ध कार्य करें


छात्र बताएँ



छात्र एक साथ गाएँ


अध्यापिका कहें


छात्र सृजन करें


छात्र बनाएँ


ग्रूप चर्चा


आपसी आकलन


छात्र स्व-आकलन करें


अध्यापक का आकलन

इकाई एक



# अनमोल प्यार...



सीना...
ग्यारह साल की लड़की।
आज स्कूल का पहला दिन...
माँ खाना खिला रही हैं।
उसने सोचा 'कितनी प्यारी माँ...'



# प्यारी माँ



**प्यारी-प्यारी अम्मा मेरी,**
**मीठे-मीठे गीत सुनाती,**
**ताज़ा-ताज़ा दूध पिलाती,**
**तरह-तरह का खाना देती।**

**मेरी सारी बातें सुनती,**
**अच्छी-अच्छी सीखें देती,**
**संग सुलाती सुबह जगाती,**
**कितनी प्यारी अम्मा मेरी।**



समान शब्दों के नीचे रेखा खींचें।
जैसे : <u>प्यारी-प्यारी</u> अम्मा मेरी

सीना स्कूल जा रही है।



*चित्र में क्या-क्या हैं?*
*चित्र में कौन-कौन हैं?*
*सीना कहाँ जा रही है?*



# घर

**यह सीना का घर है।**

**सीना के घर में माताजी, पिताजी और भाई हैं।**



बताएँ, आपके घर में कौन-कौन हैं?

सीना स्कूल के रास्ते में।















वार्तालाप आगे बढ़ाएँ।



# सीना की प्रोफ़ाइल

नाम : सीना. के

कक्षा : पाँच

स्कूल : जी.यू.पी स्कूल वडकरा

आयु : ग्यारह



# यह मेरी प्रोफ़ाइल है।

नाम :.................................................


कक्षा :.................................................

स्कूल :.................................................

आयु :.................................................



*शब्द बनाएँ ।*














**वाह...! कितनी सुंदर हो!**



**खुश हो न...?**



क्या करूँ... ?




नहीं, वही पतंग चाहिए।




उफ़...।



दर्द हुआ क्या?

# रंग भरें






1. पीला
2. काला
3. हरा
4. लाल



बताएँ, मेरा नाम...

..............................

नाम दिया है, तो फूल को रंग दें।



# शब्दार्थ

| | | |
|---|---|---|
| अनमोल | precious | അമൂല്യമായ |
| आयु | age | പ്രായം |
| कक्षा | class | ക്ലാസ് |
| खाना | food | ഭക്ഷണം |
| गीत | song | പാട്ട് |
| घर | home | വീട് |
| ताज़ा | pure | ശുദ്ധമായ |
| तरह-तरह का | dfferent kinds of | വിവിധതരത്തിലുള്ള |
| देता | give | നൽകുന്നു |
| दर्द | pain | വേദന |
| दूध | milk | പാൽ |
| पाँचवीं कक्षा | fifth standard | അഞ്ചാംതരം |
| पतंग | kite | പട്ടം |
| प्यार | love | സ്നേഹം |
| भाई | brother | സഹോദരൻ |
| माँ | mother | അമ്മ |
| मीठा | sweet | മധുരമുള്ള |
| सुनाना | to make hear | കേൾപ്പിക്കുക |
| संग | together | ഒന്നിച്ച് |
| सुलाती | to make sleep | ഉറക്കുന്നു |
| सुबह | dawn | പ്രഭാതം |
| जगाती | to wake up | ഉണർത്തുന്നു |
| नाम | name | പേര് |
| खुश | happy | സന്തോഷമുള്ള |
| बचाओ | save | രക്ഷിക്കൂ |

## अधिगम उपलब्धि

- ताल-लय के साथ बालगीत सुनकर आस्वादन और आलापन करने की क्षमता प्राप्त करता है।
- विवरण सुन-पढ़कर आशय ग्रहण करने की क्षमता प्राप्त करता है।
- वार्तालाप के द्वारा दैनिक जीवन में प्रयुक्त शब्दों और शैलियों को पहचानता है।
- प्रोफ़ाइल तैयार करता है।
- चित्रकथा सुन-पढ़कर आशय ग्रहण करता है।

# चाँद के साथ



**क्या हुआ?**
**कैसे हुआ?**





# पढ़ें क्या हुआ?




विनु दोस्त के घर जा रहा था।
सड़क पर केले का छिलका पड़ा था।
छिलके पर साइकिल फिसल गई।
विनु नीचे गिरा। पैर पर चोट लगी।



कौन गिरा?
कैसे गिरा?



# विनु अस्पताल में




*विनु ने क्या कहा होगा?*



# विनु घर में







एक खरगोश पेड़ के नीचे सो रहा था।





"आसमान नीचे गिरा...!"
वह चिल्लाकर भागा।



यह सुनकर लोमड़ी, भालू, हाथी,
हिरण, बंदर सब खरगोश के पीछे दौड़े।



दौड़-दौड़ कर वे उसी पेड़ के नीचे पहुँचे।



पेड़ के नीचे कटहल पड़ा था।
सभी को शरम आई और हँसने लगे।



## परिचित जानवरों पर गोला लगाएँ।


| | | |
|---|---|---|
| जिराफ़ | बिल्ली | कुत्ता |
| गाय | हाथी | लोमड़ी |
| हिरण | बकरी | शेर |
| खरगोश | भालू | बंदर |



बाँटें



पालतू जानवर



जंगली जानवर



रात का समय
विनु भाई कुञ्जुमोन के साथ...
बरामदे में...

# चाँद के साथ



**चंदा मामा कितना प्यारा,**
**चेहरा कितना गोरा।**
**कभी मेघ में तुम छिप जाते,**
**कभी-कभी मुसकाते।**

**कभी न तुम छिप जाओ मामा,**
**मेरे आंगन आओ।**
**साथ मेरे तुम खेलो मामा,**
**मेरा दिल बहलाओ।**

**हर पंक्ति का अंतिम शब्द अलग करके लिखें।**



# बताएँ मैं कौन?



पैर नहीं, पर चलती हूँ।
णिङ णिङ करती जाती हूँ।

फलों में बड़ा हूँ।
काँटों से भरा हूँ।

हाथ में हूँ ,साथ में नहीं।
साथी में हूँ ,साड़ी में नहीं।







# चित्र खींचें, नाम दें।

बताएँ मैं
कौन हूँ?





..............................



# सही या गलत लिखें



















# चित्र के स्थान पर शब्द जोड़ें, कहानी पढ़ें।

विनु एक दिन  पर बैठकर जंगल जा रहा था। रास्ते में  और  से मिला। 'हैलो' बताते हुए आगे चला।  घास और  केला खा रहे थे।  और  एक साथ खेल रहे थे।  के पेड़ पर बैठ कर  टाटा बोला। विनु भी टाटा बोला। वह  के ऊपर से नीचे गिरा और चिल्लाने लगा। मामा-मामी दौड़कर आए,“ क्या हुआ बेटा ?” “ मैंने एक सपना देखा।” विनु ने कहा।



शीर्षक दें।



# उलटा-पुलटा



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| न | आ | मा | स | ........................................ |
| म | ड़ी | लो | | ........................................ |
| ह | ल | क | ट | ........................................ |
| ग | | न | आं | ........................................ |
| ड़ | क | | स | ........................................ |

---

अधिगम उपलब्धि

- घटना सुन-पढ़कर आशय ग्रहण करने की क्षमता प्राप्त करता है।
- वार्तालाप के द्वारा दैनिक जीवन में प्रयोग करनेवाले शब्दों, प्रयोगों तथा शैलियों को पहचानता है।
- चित्रकथा सुन-पढ़कर आशय ग्रहण करता है।
- ताल-लय के साथ बाल गीत सुनकर आस्वादन और आलापन करता है।
- पहेलियाँ बुझाने की क्षमता प्राप्त करता है।
- लघु कहानी सुन-पढ़कर आशय ग्रहण करता है।

# शब्दार्थ


| | | |
|---|---|---|
| अचानक | suddenly | പെട്ടെന്ന് |
| आगे चला | walked forward | മുന്നോട്ടു നടന്നു |
| आराम करना | take rest | വിശ്രമിക്കുക |
| अस्पताल | hospital | ആശുപത്രി |
| आसमान | sky | ആകാശം |
| आवाज़ | sound | ശബ്ദം |
| आंगन | courtyard | മുറ്റം |
| एक साथ | together | ഒരുമിച്ച് |
| कुत्ता | dog | നായ |
| काँटों से भरा | full of thorn | മുള്ള് നിറഞ്ഞ |
| कटहल | jack fruit | ചക്ക |
| केला | banana | വാഴപ്പഴം |
| केले का छिलका | banana peels | പഴത്തൊലി |
| खेलो | play | കളിക്കൂ |
| खरगोश | rabbit | മുയൽ |
| गाँव | village | ഗ്രാമം |
| गोरा | white | വെളുത്ത |
| गलत | wrong | തെറ്റ് |
| गाय | cow | പശു |
| घास | grass | പുല്ല് |
| चांद, चंदा | moon | ചന്ദ്രൻ |
| चिल्लाना | cry loudly | ഉറക്കെ കരയുക |
| चोट | wound | മുറിവ് |
| जंगल | forest | വനം |
| छिपना | hide | മറയുക |

# शब्दार्थ

| | | |
|---|---|---|
| दोस्त | friend | സുഹൃത്ത് |
| दौड़ा | ran | ഓടി |
| दिल बहलाओ | make happy | സന്തോഷിപ്പിക്കൂ |
| धन्यवाद | thanks | നന്ദി |
| नीचे गिरा | fell down | വീണു |
| पैर | leg | കാൽ |
| पेड़ | tree | മരം |
| पहुँचा | reached | എത്തി |
| बरामदा | varandah | വരാന്ത |
| बिल्ली | cat | പൂച്ച |
| बकरी | she goat | ആട് |
| बंदर | monkey | കുരങ്ങ് |
| फिसल गई | slipped | വഴുതി വീണു |
| भरा | filled with | നിറഞ്ഞ |
| भयानक | horrible | പേടിപ്പെടുത്തുന്ന |
| भागा | ran | ഓടി |
| भालू | bear | കരടി |
| रास्ते में | on the way | വഴിയിൽ |
| सही | true | ശരിയായ |
| से मिला | met | കണ്ടുമുട്ടി |
| शेर | lion | സിംഹം |
| शरम | shame | ലജ്ജ |
| हाथ | hand | കൈ |
| हँसना | to laugh | ചിരിക്കുക |

# पीपल दादी की कथा






*पीपल दादी क्यों हँस रही हैं?*

*बच्चे क्यों सजा रहे हैं?*

उदिनूर गाँव के बच्चे आज बहुत खुश हैं। कल पीपल दादी का जन्म दिन है।



# पीपल दादी की कथा



मैं पीपल का पेड़ हूँ। मैं नहीं जानती कि मेरी आयु कितनी है। लेकिन मुझे याद है, कई साल पहले किसी भले आदमी ने अगस्त के महीने में मुझे यहाँ लगाया था। हर साल इस गाँव के लोग एक अगस्त को मेरा जन्मदिन मनाते हैं। आज मैं बहुत खुश हूँ।

*पीपल क्यों खुश है?*





# पीपल ने अपने बारे में बताया। आप भी अपने बारे में बताएँ...

- आप का नाम क्या है?
- आयु कितनी है?
- कहाँ रहते हैं?



- किसके साथ रहते हैं?
- मित्र कौन-कौन हैं?

KT 137-3/Hindi-5



पीपल दादी के जन्मदिन में
उदिनूर गाँव में सब कहीं
उत्सव का धूम-धाम है।
रंग-बिरंगे गुब्बारे, तोरण आदि से
मैदान सजाया है।
पोस्टर भी लगाया है।








## स्वतंत्रता दिन समारोह के लिए पोस्टर बनाएँ





| | | |
|---|---|---|
| स्वतंत्रता दिन संबंधी शीर्षक है। | 🙂 | ☹ |
| तारीख और स्थान हैं। | 🙂 | ☹ |
| उचित चित्र खींचा है। | 🙂 | ☹ |
| आकर्षक बनाया है। | 🙂 | ☹ |



# दिलेरा

मेरा वतन,
सुनहरा वतन,
रूप अनेक, धर्म अनेक,
मेरा वतन।

मेरा वतन
न्यारा वतन,
वेष अनेक, बोल अनेक,
मेरा वतन।

मेरा वतन,
दिलेरा वतन,
प्राण से भी, जान से भी,
प्यारा वतन


**गाएँ, मनाएँ...**

# मनोज की नाव



मनोज ग्यारह साल का लड़का।
घर में पिताजी, माताजी और दादी।
गाँव में नदी के पास एक छोटा घर।
घर के पीछे पहाड़।
वहाँ के जंगल में हाथी, भालू, लोमड़ी,
हिरण आदि जानवर।
घर के सामने पीपल, कटहल आदि के पेड़।








नाव चलाना उसका सपना था।
लेकिन माँ-बाप अनुमति नहीं देते थे।
एक दिन मनोज घर में अकेला था।
नाव चलाने का एक अच्छा अवसर मिल गया।





वह नाव चलाने लगा।
"वाह! कितना मज़ा है...।
अचानक आकाश में बादल छा गए।
सूरज गायब। पानी बरसने लगा।



"बचाओ... बचाओ..." वह रोने लगा।
नाव नदी के बीच में...
एक पत्थर से टकराकर नाव टूट गई।
मनोज को चोट लगी। नाव पानी में डूब गई।




चिल्लाहट सुनकर कई लोग आए।
मनोज पूरी ताकत के साथ तैरने लगा।
किनारे पहुँचते ही थक गया। उसको देखकर
माँ-बाप खुश हुए। घर की ओर चलते-चलते
उसको माँ-बाप की बातें याद आईं।





# खेलें, ट्रॉफ़ी पाएँ...








25
26
27
28
29
30
24
23
22
21
20
19
13
14
15
16
17
18
12
11
9
10
8
7
1
2
3
4
5
6






# शब्दार्थ

| | | |
|---|---|---|
| अकेला | alone | തനിയെ |
| अनुमति | permission | അനുവാദം |
| पीपल | banyan tree | അരയാൽമരം |
| जानता | knows | അറിയുന്നു |
| याद | memory | ഓർമ്മ |
| साल | year | വർഷം |
| स्वतंत्रता दिन | independence day | സ്വാതന്ത്ര്യദിനം |
| जन्मदिन | birth day | ജന്മദിനം |
| लड़का | boy | ആൺകുട്ടി |
| पहाड़ | mountain | പർവ്വതം |
| जानवर | animal | മൃഗം |
| के पास | near | അരികെ |
| के पीछे | back | പിന്നിൽ |
| के सामने | in front of | മുന്നിൽ |
| नाव चलाना | to row a boat | തോണി തുഴയുക |
| सपना | dream | സ്വപ്നം |
| बादल | cloud | മേഘം |
| छा गए | spread | വ്യാപിച്ചു |
| सूरज | sun | സൂര്യൻ |
| गायब | disappeared | അപ്രത്യക്ഷമായ |
| बरसने लगा | started to rain | പെയ്യാൻ തുടങ്ങി |
| रोना | to cry | കരയുക |
| के बीच में | in the middle of | മധ്യത്തിൽ |
| पत्थर | stone | കല്ല് |
| टकराना | collide | കൂട്ടിമുട്ടുക |

अधिगम उपलब्धि

- आत्मकथांश सुनकर और पढ़कर समझने की क्षमता प्राप्त करता है।
- अपने बारे में लिखने की क्षमता प्राप्त करता है।
- पोस्टर पढ़कर आशय ग्रहण करने की क्षमता प्राप्त करता है।
- पोस्टर तैयार करने की क्षमता प्राप्त करता है।
- ताल-लय के साथ बालगीत सुनकर आस्वादन और आलापन करने की क्षमता प्राप्त करता है।

## इकाई चार

# गाँव की यादें



रेल गाड़ी की खिड़की से अमल बाहर के नज़ारे देख रहा था। 'करीब दो साल हुए दादा, दादी, मुन्नी आदि से मिलकर।' अमल सोच रहा था। तब तक गाड़ी रुक गई। "पालक्काड़ जंक्शन पर आपका स्वागत है।"




**यात्रीगण, कृपया ध्यान दें**
**गाड़ी संख्या एक-दो-दो-छह-नौ-पाँच**
**चेन्नै से तिरुवनंतपुरम तक जानेवाली**
**चेन्नै-तिरुवनंतपुरम एक्सप्रेस**
**प्लैटफॉर्म नंबर दो पर खड़ी है।**

*अमल कहाँ से आ रहा है?*
*कहाँ जा रहा है?*

दादाजी ताड़ के
पेड़ के पास, खेतों के
बीच उनकी प्रतीक्षा
में खड़े थे। देखते ही अमल
दौड़कर उनसे लिपट गया।







**"अमल..., कैसे हो बेटा...?"**
**"ठीक हूँ दादा जी, आप कैसे हैं?"**
**"हाँ मैं भी ठीक हूँ... चेन्नै कैसा है?"**
**"अच्छा है, लेकिन...."**
**"क्या हुआ बेटा....?"**
**"कोई दोस्त है ही नहीं, सब व्यस्त हैं।"**



*दोनों ने और क्या-क्या बातें की होंगी?*

*मामा के बारे में ...*
*दादी के बारे में...*
*स्कूल के बारे में...*
*गाँव के बारे में...*
*माँ-बाप के बारे में...*

मुन्नी से मिलकर अमल खुश हुआ।
आम के पेड़ पर झूला लगाया था।
दोनों झूलने लगे।

# झूला






**आ जा मुन्नी देखो झूला,**
**इस झूले पर हम झूलेंगे।**
**इसपर बैठे ऊपर जाके,**
**आसमान को हम छू लेंगे।**

**झूला झूल रहा है ऊपर,**
**झूला झूल रहा है नीचे।**
**बाएँ देखें हिलते पत्ते,**
**दाएँ देखें डुलती डाली।**

**धीरे-धीरे चलता झूला,**
**तेज़ी से यह उड़ता झूला।**
**चक्कर खाते मज़ा बढ़ाते,**
**मेरा मन बहलाता झूला।**

दो हफ़्ते बीत गए...
कितना मज़ा था।
फिर उनसे कब मिलूँ...
बीते दिनों की याद
अमल के मन में
उभरने लगी।



*अमल अब कहाँ है?*
*अमल के दुख का कारण क्या है?*




खुशी के दो हफ़्ते...
मुन्नी की मुस्कान अब भी मन में भरी।
दादा जी ताड़ के पेड़ के नीचे
खेतों के बीच खड़े थे।
हमारी प्रतीक्षा में।
दादी जी ने मिठाई कितनी खिलाई...
आम का पेड़, झूला...
वह प्यार, वह खुशी
ये सब मिलेंगे साल भर बाद।
उफ़...।

किसी ऐसे दिन का अनुभव लिखें।




# 53 उद्घोषणा



प्यारे गाँववालो,
अयिलूर
'प्लास्टिक मुक्त पंचायत'
घोषित किया गया है।
आप लोगों से अनुरोध है कि,
प्लास्टिक की थैलियों का
इस्तेमाल न करें...





बच्चो, कृपया ध्यान दे,
कल शाम चार बजे हिंदी मंच की
एक विशेष बैठक सातवीं कक्षा में होनेवाली है।
मंच के सदस्यों से अनुरोध है कि
ठीक समय पर उपस्थित हों।



## उचित वाक्य जोड़ें।













- मुन्नी अमल के पास है।
- मुन्नी झूला झूल रही है।
- अमल दादी के साथ है।
- अमल दादाजी से मिला।

# रास्ता ढूँढ़ें...


रेलवे स्टेशन
रेल-गाड़ी
दादा
जिराफ़
ताड़ के पेड़
नाव
स्कूल
घर
झूला
प्यारा
सड़क
खेल
दादी
मुन्नी
पतंग
ऊपर
मज़ा
दोस्त
आसमान



## शब्द बनाएँ ।

कटहल

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क | छि | इ | न | गो |
| त | दी | घ | पी | स |
| पे | र | का | ड | ल |
| की | ट | ह | प | दा |
| व | ना | ख | कि | स |

# शब्दार्थ

| | | |
|---|---|---|
| यात्रीगण | passengers | യാത്രക്കാർ |
| कृपया ध्यान दें | attention please | ദയവായി ശ്രദ്ധിച്ചാലും |
| संख्या | number | സംഖ്യ |
| व्यस्त | busy | തിരക്ക് |
| झूला झूलेंगे | will swing | ഊഞ്ഞാലാടും |
| आसमान छू लेंगे | will touch the sky | ആകാശം തൊടും |
| बाएँ | left | ഇടത് |
| दाएँ | right | വലത് |
| डुलती डाली | swaying branch | ആടുന്ന ശിഖരം |
| तेज़ी-तेज़ी | fast | വേഗത്തിൽ |
| चक्कर खाकर | moving up and down | മേലോട്ടും താഴോട്ടും |
| मज़ा लगाकर | making happy | ആനന്ദിപ്പിച്ചിട്ട് |
| प्यार खोना | to lose the love of | സ്നേഹം നഷ്ടപ്പെടുക |
| ताड़ का पेड़ | palm tree | പന |
| खड़ा था | was standing | നിൽക്കുകയായിരുന്നു |
| खिलाई | make eat | തീറ്റിച്ചു |
| बैठक | meeting | ഒത്തുചേരൽ |
| अनुरोध | request | അഭ്യർത്ഥന |
| घोषित किया | declared | പ്രഖ്യാപിച്ചു |
| थैली | bag | സഞ്ചി |
| इस्तेमाल न कर | don't use | ഉപയോഗിക്കരുത് |

अधिगम उपलब्धि

- उद्घोषणा सुनकर समझने की क्षमता प्राप्त करता है।
- वार्तालाप सुन पढ़कर आशय ग्रहण करने की क्षमता प्राप्त करता है।
- वार्तालाप तैयार करने की क्षमता प्राप्त करता है।
- ताल-लय के साथ बाल गीत सुनकर आस्वादन करने की क्षमता प्राप्त करता है।
- ताल-लय के साथ बालगीत आलाप करने की क्षमता प्राप्त करता है।
- डायरी पढ़कर आशय ग्रहण करने की और लिखने की क्षमता प्राप्त करता है।

सब सपने देखते हैं
आपने भी सपने देखे होंगे...
सभी सपने साकार नहीं होते।
कुछ सपनों को अवश्य साकार करना है।



# सपना



# बापू का सपना





मैं ऐसे भारत के लिए
कोशिश करूँगा,
जहाँ ऊँच-नीच का
भेद-भाव न हो।
जातियाँ मिलजुलकर रहती हों।
स्त्री-पुरुष का समान
अधिकार हो
और दुनिया से हमारा संबंध
शांति और भाई-चारे का हो।
यही है मेरे सपनों का भारत।



*दुनिया में शांति बनाए रखने केलिए हम क्या-क्या करें....?*



## लेख के आधार पर मिलाएँ।

| भेद | - | भाव |
|---|---|---|
| ऊँच | - | ................ |
| मिल | - | ................ |
| स्त्री | - | ................ |
| भाई | - | ................ |

भाव
पुरुष
नीच
चारा
जुल



## उचित संदेश जोड़कर पोस्टर बनाएँ।









यहाँ कवि अपना सपना बताता है।

# कवि का सपना



**मन करता है पेड़ बनकर**
**सबको शीतल छाया दूँ।**
**मन करता है बादल बनकर**
**सबको स्वच्छ पानी दूँ।**
**मन करता है दर्पण बनकर**
**सबसे सब दिन सच कहूँ।**
**मन करता है मुस्कान बनकर**
**हर दिन सबसे प्यार करूँ।**
**मन करता है सत्कर्मों से**
**इस धरती पर स्वर्ग रचूँ।**













# अपने सपनों को कविता से जोड़ें, शीर्षक दें...



मन करता है ......................................






बादल में रहने वाली बूँद का भी एक सपना था...।
क्या वह साकार होगा ?

# बूँद का सपना



**बादल में बैठी**
**बूँद नीचे की ओर देख**
**रही थी...**





**लहराती हरियाली,**
**रंग-बिरंगे फूल, खेलते बच्चे,**
**वाह...! यह धरती कितनी सुंदर है।**
**जल्दी-ही वहाँ पहुँचना है।**
**फिर क्या था...?**
**वर्षा बनकर बूँद नीचे आ गिरी।**





नदी की लहरों में तैर कर,



खेतों को सिंचाकर,



गाँवों से होकर शहर की एक टंकी में
गिर पड़ी।







वहाँ से नल के अंधकार
से गुज़र कर
मशीनों में चक्कर खाकर...
बेचारी बूँद की लाचारी !
एक बोतल के भीतर...

अब वह दूकान के बाहर ...
प्यासे बच्चे-बूढ़े सामने से
निकल जाते। वह उनकी
प्यास बुझाना चाहती है।
लेकिन...



पानी का सदुपयोग -
पोस्टर बनाएँ




पानी बरसता रहा...।

पौधों पर, पेड़ों पर, पत्तों पर...।


फल भी निकले...।







बैंगन



सेब



गाजर



संतरा



हरीमिर्च



केला



टमाटर



अंगूर




आलू



अनार



करेला




अमरूद




## पढ़ें, तालिका में भरें।


| सब्जी | फल |
|---|---|
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |



# पहचानें...लिखें...रंग भरें...







..................................


..................................

..................................

..................................

..................................

..................................





# शब्दार्थ

| | | |
|---|---|---|
| साकार करना | to fulfill | സാക്ഷാത്കരിക്കുക |
| कोशिश करूँगा | will try | ശ്രമിക്കും |
| भेद-भाव | discrimination | വിവേചനം |
| ऊँच-नीच | high born and low born | ഉച്ചനീചത്വം |
| भाई-चारा | brotherhood | സാഹോദര്യം |
| छाया | shade | തണൽ |
| मन करता है | would like to | ആഗ്രഹിക്കുന്നു |
| स्वच्छ | pure | ശുദ്ധമായ |
| दर्पण | mirror | കണ്ണാടി |
| सच | truth | സത്യം |
| रचूँ | shall create | സൃഷ്ടിക്കാം |
| बूँद | drop | തുള്ളി |
| लहराती हरियाली | swaying greenery | ആടി ഉലയുന്ന പച്ചപ്പ് |
| रंग-बिरंगे | different coloured | വിവിധനിറത്തിലുള്ള |
| तैरना | to swim | നീന്തുക |
| सिंचाकर | after drenching | നനച്ചിട്ട് |
| टंकी | tank | സംഭരണി |
| नल | pipe | കുഴൽ |
| गुज़रकर | after entering | കടന്നിട്ട് |

## अधिगम उपलब्धि

- लघु लेख पढ़कर आशय ग्रहण करता है।
- पोस्टर बनाने की क्षमता प्राप्त करता है।
- बाल गीत सुन-पढ़कर आस्वादन करता है और ताल-लय के साथ आलाप करता है।
- कविता में पंक्तियाँ जोड़ने की क्षमता प्राप्त करता है।
- कहानी का अंश सुन-पढ़कर आशय ग्रहण करता है और आगे बढ़ाता है।



# बाँसुरी

*चित्र में क्या-क्या है?*
*ये पक्षी और जानवर क्यों ऐसे खड़े हैं?*
*क्या आप जानते हैं यह कौन है?*

मधुर स्वर बाँसुरी का गूँज रहा था।
मनु के मन में जब खुशी आ जाए ...
ग़म आ जाए...
पूरे गाँव में बाँसुरी
की मीठी आवाज़
गूँजती...

KT 137-4/Hindi-5



*क्या आप जानना चाहते हैं*
*कि मनु का बाँसुरी से*
*क्या संबंध है?*



# मनु और बाँसुरी



**मनु के एक बाँसुरी है।**
**सुंदर और जादुई बाँसुरी।**
**गाँव के हरी घास भरे मैदान में**
**जब वह बाँसुरी बजाता,**
**कोयल, मोर आदि चिड़ियाँ**
**हिरण, खरगोश जैसे जानवर**
**उसके चारों ओर इकट्‌ठे होते।**
**उसकी मीठी आवाज़ में सारा गाँव झूम उठता।**
**सारा ग़म पिघल जाता।**
**मनु और बाँसुरी का अटूट संबंध...**
**हर पल दोनों एक साथ।**



खुशी का दिन था। नदी के किनारे मनु बाँसुरी बजाते-बजाते चल रहा था। चलते-चलते उसका पैर फिसल गया। बाँसुरी नदी में गिर पड़ी। बहती-बहती वह एक पत्थर से टकराकर रुक गई।





# रोती क्यों?








**पत्थर** : वाह... अच्छी लगती हो, रोती क्यों?

**बाँसुरी** : हाय... मैं आफ़त में पड़ गई।

**पत्थर** : क्या हुआ?

**बाँसुरी** : मनु आज बहुत खुश था। प्यार से मुझे बजाते चल रहा था। अचानक वह फिसलकर गिर गया। मैं छूटकर पानी में गिरी। मुझे बचाओ।

**पत्थर** : कैसे बचाऊँ...? मैं चल नहीं सकता। लेकिन हाँ,कुछ कर सकता हूँ।

**बाँसुरी** : क्या...?

**पत्थर** : मैं नदी से कहूँ, वह तुम्हें रास्ता दिखा दे और तुम्हें किनारे पहुँचाए।



**पत्थर ने नदी से क्या-क्या कहा होगा?**


बाँसुरी आगे बहने लगी। मनु उसी दिशा में दौड़ रहा था। दोनों आपस में देखकर आहें भरते रहे...




*बाँसुरी ने उस समय क्या सोचा होगा?*



ओह!
यह कैसी पीड़ा है।
काश...!
मनु के हाथ लग जाती...?
बीते दिन कितने प्यारे थे...
मनु के साथ सारी दुनिया मुझे प्यार करती थी।
क्या वह खुशी लौट आएगी...?







## आगे क्या हुआ होगा?

- बहती बाँसुरी की हालत क्या होगी?
- क्या मनु और बाँसुरी मिले होंगे?
- हाँ तो क्या हुआ होगा?
- नहीं तो क्या हुआ होगा?



..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................






धीरे-धीरे बाँसुरी बहकर किनारे पहुँची।
मनु ने बाँसुरी उठा ली। दोनों बहुत खुश...!
फिर बाँसुरी से बहने लगा, वही अनोखा संगीत...



# बाँसुरी



बाँसुरी मेरी प्यारी कितनी
मीठे राग सुनाती।
चंचल-चंचल दुनिया सारी
ताल उसी का लेती।

कोयल रानी चुपके आके
गीत मधुर अपनाती।
मनहर तितली फूल छोड़के
धुन में लीन हो जाती।


कल-कल करती बहती नदिया
अनहद में खो जाती।
मीठे राग सुनाती बाँसुरी
सबका दिल बहलाती।

आलाप करें, दृश्याभास करें ।



*दृश्याभास कैसा रहा ?*

मैंने क्या किया ?



मेरे दोस्तों ने क्या किया ?



## चुनें

**आज** ☐ **खुशी का दिन था** ☐ **प्रतीक्षा का दिन था**
☐ **जोश का दिन था** ☐ **दुख का दिन था ।**

**सबेरे मनु के हाथ से** ☐ **मैं उड़ गई** ☐ **मैं फिसल गई**
☐ **मैं बच गई** ☐ **मैं लुट गई।**

**बहते-बहते मैं** ☐ **डूब गई** ☐ **सागर पहुँची**
☐ **मनु के पास पहुँची** ☐ **घर पहुँची।**



*अब बाँसुरी के मन में क्या-क्या विचार होंगे ?*

*आज का दिन बाँसुरी को कैसा लगा होगा?*

## बाँसुरी का अनुभव डायरी के रूप में लिखें।

| रविवार | सोमवार | मंगलवार | बुधवार | गुरुवार | शुक्रवार | शनिवार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | १ | २ | ३ |
| ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | ९ | १० |
| ११ | १२ | १३ | १४ | १५ | १६ | १७ |
| १८ | १९ | २० | २१ | २२ | २३ | २४ |
| २५ | २६ | २७ | २८ | २९ | ३० | ३१ |

जनवरी

**05**

सोमवार

2015







## परिचित शब्दों पर गोला लगाएँ और लिखें...



| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| बाँ | ख | र | गो | श | प |
| सु | हा | थी | ति | त | ली |
| री | थ | ली | ग़ | चि | प |
| को | य | ल | म | डि | तं |
| मो | र | घा | दु | या | ग |
| अ | नो | खा | नि | मै | पे |
| हि | र | ण | या | दा | ड़ |
| आ | वा | ज़ | त | न | दी |

..........बाँसुरी..........  ..........खरगोश..........

..........................................  ..........................................

..........................................  ..........................................

..........................................  ..........................................

..........................................  ..........................................

# शब्दार्थ

| | | |
|---|---|---|
| बाँसुरी | flute | ഓടക്കുഴൽ |
| जादुई | magical | മാന്ത്രികമായ |
| बजाना | to play | വായിക്കുക / മീട്ടുക |
| कोयल | cuckoo | കുയിൽ |
| मोर | peacock | മയിൽ |
| चिड़ियाँ | birds | പക്ഷികൾ |
| इकट्ठे होना | to assemble | ഒത്ത് ചേരുക |
| चारों ओर | all around | നാലുപാടും / ചുറ്റിലും |
| झूम उठना | to feel happy | സന്തോഷത്തിൽ മുഴുകുക |
| ग़म | sorrow | ദുഃഖം |
| पिघल जाना | to melt | അലിയുക |
| अटूट | unbreakable | തകരാത്ത |
| संबंध | relation | ബന്ധം |
| तितली | butterfly | പൂമ്പാറ്റ |
| धुन | rhythm | ലയം |
| अनहद | celestial sound | അലൗകികനാദം |
| खो जाना | to melt | അലിഞ്ഞ് ചേരുക |
| अनोखा | strange | വിചിത്രമായ |
| मनहर | beautiful | മനോഹരമായ |

### अधिगम उपलब्धि

- कहानी का अंश पढ़कर आशय ग्रहण करता है।
- वार्तालाप पढ़कर आशय ग्रहण करता है।
- विवरणात्मक शैली से वार्तालाप को आगे बढ़ाने की क्षमता प्राप्त करता है।
- सोच पढ़कर आशय ग्रहण करता है।
- बालगीत सुन-पढ़कर आशय ग्रहण करता है।

इकाई सात


# दोस्ती



चित्र में क्या-क्या हैं?

फर्क पहचानें...

बताएँ... लिखें...





| मेज़ पर पाँच किताबें । | मेज़ पर चार किताबें । |
| --- | --- |
| .................................. | .................................. |
| .................................. | .................................. |
| .................................. | .................................. |
| .................................. | .................................. |
| .................................. | .................................. |





मिलते हैं इसमें सब
क्षमा की महिमा है, इसमें
सहन की गरिमा है।
मिलते हैं इसमें सब
दोस्ती की धड़कन है, इसमें
औरों की राहत है।
मिलते हैं इसमें सब
माँ की ममता है, इसमें
प्यार की छाया है।
मिलते हैं इसमें सब
रंगों की माला है, इसमें
फूलों की खुशबू है।

भाव पहचानें


कविता पढ़ें
शीर्षक दें।





# पद-सूर्य की पूर्ति करें।






इसमें क्षमा की महिमा है।

..................................................

..................................................

..................................................

..................................................

संदेश पहचानें

# एक पल ज़िंदगी का



अनस और मानस बड़े मित्र थे। एक बार किसी अत्याचारी राजा ने अनस को कैद कर दिया और फाँसी की सज़ा सुना दी। "मरने से पहले एक बार मैं अपने परिवार से मिलना चाहता हूँ।" अनस बोला।



"ठीक है, किसी दूसरे को लाओ तो तुम अपने परिवार से मिल सकते हो।" राजा ने कहा। एक दिन मानस अपने दोस्त से मिलने जेल आया और उसके बदले जेल में रहने को तैयार हुआ।

फाँसी का दिन आ गया। अनस नहीं पहुँचा। मानस को फाँसी देने की तैयारियाँ हुईं।





“मैं आ गया हूँ। फाँसी मुझे दो” अनस दौड़ कर आया। दोनों गले मिले। राजा को यह नया अनुभव था। वे बोले “सच्चे मित्रों की जोड़ी तोड़ना मैं नहीं चाहता। देश को आप जैसे मित्र चाहिए।”

दोस्ती की जीत हुई। दोनों खुशी-खुशी घर लौटे।



# किसने कहा?



"फाँसी मुझे दो"

.............................................

"देश को आप जैसे मित्र चाहिए।"

.............................................

"मरने से पहले एक बार मैं अपने परिवार से मिलना चाहता हूँ।"


.............................................



# लिखें,अपने दोस्त के बारे में...



वाक्य लिखें, रंग दें



नाम क्या है?

कहाँ रहता है?

माता-पिता कौन है?

घर में कौन-कौन हैं?

मनपसंद शगल क्या है?

मनपसंद रंग क्या है?

अभिलाषा क्या है?



.....................................................................

.....................................................................

.....................................................................

.....................................................................

.....................................................................

.....................................................................

.....................................................................

# दोस्त की महिमा गाएँ...





मेरा दोस्त दिलेरा है।
मुझको बड़ा सहारा है।
अच्छी बात सुनाता है।
सच्ची राह दिखाता है।



**आगे बढ़ाएँ...**

..........................................

..........................................

..........................................

..........................................



पहचानें

# चमकती आँखें




मेरी माँ अब यादों में हैं। लेकिन उनकी प्यार से चमकती आँखें अब भी मेरे सामने हैं। पापा ने माँ की आँखें दान में दीं। पापा से मेरी दोस्ती अब कम है। घरवाले सब पापा से नाराज़ हैं।

एक दिन पापा मुझे समारोह में ले गए। वहाँ एक युवक मंच पर आया। “मैं अंधा था।” पापा को इशारा करके युवक ने कहा। “इनकी प्यारी बीवी की आँखों ने मेरे जीवन को रोशनी दी।” खुशी से युवक की आँखें चमक उठीं। उन आँखों में अपनी माँ की प्यार भरी चमक मैंने देखी।

नेत्रदान के महत्व पर एक नारा तैयार करें।



बीते पन्नों से गुज़रें...
पहचानें...






प्यारे मित्रो...

कविता पसंद आयी?

कहानी में दोस्ती की धड़कन सुनी?

औरों को राहत देने वाली घटना कैसी लगी?

ये सब मेरे पन्नों पर है...

और भी है...

पढ़ें... बढ़ें... प्यार के साथ जिएँ...

तुम्हारी ......................

**समस्या का हल निकालें...**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| १ | २ | ३ | ४ | |
| ५ | | | | |
| | | | | |
| | | | | |



**दाईं ओर**

१ पुस्तक के लिए दूसरा शब्द

३. एक पालतू जानवर

५. हाथी का रंग

**नीचे की ओर**

२. चारों ओर किनारे, पानी से भरा।

३. घर की खुली जगह जहाँ लोग आराम करने बैठते हैं।

४. सबसे बड़ा फल।

## पहचानें... लिखें...



नाक
आँख
हाथ
पैर
कान
मुँह

से

देखता है
सुनता है
बोलता है
साँस लेता है
लिखता है
चलता है

जैसे

नाक से साँस लेता है।

.............................................


.............................................

.............................................

.............................................

.............................................







अध्यापिका के निर्देशों के अनुसार बनाएँ ।

# शब्दार्थ

| | | |
|---|---|---|
| धड़कन | heart beat | ഹൃദയ സ്പന്ദനം |
| राहत | relief | ആശ്വാസം |
| ममता | affection | വാത്സല്യം |
| खुशबू | fragrance | സുഗന്ധം |
| ज़िंदगी | life | ജീവിതം |
| कैद | jail | ജയിൽ |
| फाँसी की सज़ा | capital punishment | വധശിക്ഷ |
| गले मिला | embraced | ആലിംഗനം ചെയ്തു |
| तोड़ना | to break | തകർക്കുക |
| जीत हुई | won | വിജയിച്ചു |
| अभिलाषा | desire | ആഗ്രഹം |
| दिलेरा | dear | പ്രിയപ്പെട്ട |
| रोशनी | light | പ്രകാശം |
| इशारा करना | to make a sign | ചൂണ്ടിക്കാണിക്കുക |
| पन्ना | page | പേജ് |
| गरिमा | greatness | മഹത്വം |
| सहारा | support | സഹായം |
| चमकती आँखें | glittering eyes | തിളങ്ങുന്ന കണ്ണുകൾ |
| नाराज़ | displeasure | അസന്തുഷ്ടി |
| मंच | stage | വേദി |

### अधिगम उपलब्धि


- ताल-लय के साथ बाल गीत सुन-पढ़कर आस्वादन और आलाप करने की क्षमता प्राप्त करता है।
- कविता में पंक्तियाँ जोड़ने की क्षमता प्राप्त करता है।
- कहानी पढ़कर आशय ग्रहण करता है।



ऐसा
ओस
एक
ऋषि
ऊपर
अनमोल







चित्र के शब्दों की विशेषता पहचानें ।
इसके आधार पर परिचित शब्दों को क्रमबद्ध करें ।


कक्षा
खरगोश
घर
गया
चमेली
छतरी
जनवरी
नल
तरह
थाना
धुन
दया
वन
याद
रात
लड़का




चित्र के आधार पर परिचित शब्दों को क्रमबद्ध करें ।






अध्यापिका के निर्देशों के अनुसार बनाएँ ।